राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–5) विभाग

क्रमांकः प015(8)साप्र/5/2014 जयपुर, दिनांकः

1. प्रबन्धक समस्त विश्राम भवन,
   राजस्थान।
2. प्रबन्धक, राजस्थान हाउस/
   जोधपुर हाउस/राज.स्टेट गेस्ट हाउस,
   नई दिल्ली।

विषय :– लोकसभा आम चुनाव 2014 मतदाता जागरूकता कार्यक्रम राजकीय कार्यलयों में मतदान हेतु शपथ दिलाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार निर्वाचन विभाग की अशा. टीप सं एफ. 4(3)(1)/निर्वा/रोल्स/2014/4216, जयपुर, दिनांक 31.03.2014 की प्रति संलग्न कर लेख है कि कृपया निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मतदाता संकल्प समारोह दिनांक 15.04.2014 अथवा 22.04.2014 को मध्याह्न 11:30 बजे आयोजित करवाने व्यवस्था करावें।

संलग्न :– शपथ पत्र।

भवदीय
मु शर्मा
(मुन्ना लाल शर्मा) 9/4/14
शासन सहायक सचिव

प्रतिलिपि निम्न को प्रेषित कर लेख है कि कृपया उक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें:–

1. अनुभागाधिकारी, सामान्य प्रशासन (ग्रुप–1,2,3,4,6) विभाग।
2. अनुभागाधिकारी, मंत्रिमण्डल/सम्पदा/नागरिक उड्डयन/मोटर गैराज।
3. रक्षित पत्रावली।

मु शर्मा
शासन सहायक सचिव 9/4/14

शत प्रतिशत करना मतदान
तभी बढ़ेगा देश का मान

लोकसभा आम चुनाव, 2014

राजस्थान सरकार

विषयः लोकसभा आम चुनाव, 2014 – मतदाता जागरूकता कार्यक्रम – राजकीय कार्यालयों में मतदान हेतु शपथ दिलाये जाने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के अन्तर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाकर मतदान में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु गहन गतिविधियां निर्वाचन विभाग द्वारा संचालित की जा रही हैं।

इसी क्रम में निर्वाचन विभाग द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 9 अप्रेल, 2014 से 15 अप्रेल, 2014 (प्रथम चरण के मतदान वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के जिले जिनमें 17 अप्रेल, 2014 को मतदान होगा) तथा 16 अप्रेल, 2014 से 22 अप्रेल, 2014 (द्वितीय चरण के मतदान वाले लोकसभा निर्वाचन वाले क्षेत्रों के जिले जिनमें 24 अप्रेल, 2014 को मतदान होगा) विशेष कार्यक्रम (COLOURS OF DEMOCRACY) का आयोजन करने के जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। इस विशेष कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 अप्रेल, 2014 व 22 अप्रेल, 2014 को यथास्थिति **''मतदाता संकल्प समारोह''** का आयोजन सम्बन्धित जिलों में भी किया जावेगा, जिसमें सभी मतदाताओं को संलग्न प्रपत्र के अनुसार **''मतदाता शपथ''** दिलवायी जाएगी जिससे कि वे मतदान दिवस के दिन मतदान करने अवश्य जायें ।

उक्तानुसार राज्य सरकार के सभी कार्यालयों में ''संकल्प समारोह'' कार्यक्रम के अन्तर्गत यथास्थिति सम्बन्धित जिलों में दिनांक 15 अप्रेल, 2014 अथवा 22 अप्रेल, 2014 को मध्यान्ह 11.30 बजे से 12.30 बजे के मध्य कार्यक्रम आयोजित कर ''मतदाता शपथ'' दिलवायी जावे। सभी विभाग अपने मुख्यालय एवं निचले स्तर पर स्थित कार्यालयों में सभी कर्मचारियों को निर्धारित दिनांक एवं समय पर **''मतदाता संकल्प समारोह''** के अन्तर्गत आयोजन किये जाने वाले कार्यक्रम में संलग्न प्रारूप के अनुसार **''मतदाता शपथ''** दिलवाने के क्रम में निर्देश जारी करें।

कृपया सभी विभागों के स्तर पर उक्तानुसार कार्यवाही करावें।

(राजीव महर्षि)
मुख्य सचिव,
राजस्थान सरकार

समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव,
शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।

यू0ओ0 नोट कमांक एफ.4(3)(1)/निर्वा/रोल्स/2014/५२16 जयपुर, दिनांकः 31/3/2014

प्रतिलिपिः

1. समस्त सम्भागीय आयुक्त, राजस्थान।
2. समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर्स), राजस्थान को प्रेषित कर लेख है कि तत्सम्बन्धी निर्देशों से सभी सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, राष्ट्रीयकृत बैंक, गैर सरकारी कार्यालयों, समस्त सरकारी एवं निजी शैक्षणिक संस्थाओं एवं अन्य सभी संस्थाओं को अवगत करावें ।

(अशोक जैन)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी,

मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ

''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एंव शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म,वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे'' ।